| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 07.08.2025 | वादी के अधिवक्ता श्री आनन्द बालान उपस्थित।<br>प्रतिवादी संख्या 1 के अधिवक्ता श्री महेश प्रताप सिंह राठौड़ व प्रतिवादी संख्या 2 के अधिवक्ता श्री अभिषेक टावरी उपस्थित।<br>साक्ष्य वादी में गवाह रोशन अली उपस्थित। दस्तावेज पेश नहीं होने से गवाह के बयान नहीं लिए गए।<br>प्रतिवादी संख्या 1 ने लिखापढ़ी समझौता दिनांक 14.10.2020 की असल प्रति आज पेश नहीं की। प्रतिवादी जहूरदीन के अधिवक्ता ने एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि उक्त असल समझौता लिखापढ़ी उसके पास नहीं है, असल लिखापढ़ी शब्बीर हुसैन के पास है। इस संबंध में वो शपथ–पत्र पेश करना चाहते हैं। अतः प्रतिवादी संख्या 1 जहूरदीन आगामी पेशी पर उक्त लिखा–पढ़ी समझौता के संबंध में शपथ–पत्र व्यक्तिगतरूप से उपस्थित होकर पेश करें एवं यह भी बतावें कि उक्त दस्तावेज की फोटोप्रति पर जो हस्ताक्षर किए गए हैं, वो उसके है या नहीं एवं उक्त दस्तावेज को वो स्वीकार करते हैं या नहीं।<br>पत्रावली वास्ते पेश होने शपथ पत्र व साक्ष्य वादी (जिरह) में दिनांक 11.08.2025 को पेश हो। | |